सार-समाचार

शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

करौली, (निसं)। अग्रवाल युवा संगठन करौली .के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं .कार्यकारिणी सदस्यों का .शपथ ग्रहण समारोह राजरानी पैलेस में हेमराज जिंदल .राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष .अग्रवाल युवा सम्मेलन के मुख्य आतिथ्य व प्रहलाद सिंहल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अग्रवाल समाज सन्मति हरकारा प्रदेश महामंत्री,अठावाल समाज नितिन अग्रवाल प्रदेश युवा अध्यक्ष पूर्वी राजस्थान एवं मूलचंद गुप्ता जिला अध्यक्ष अग्रवाल समाज करौली के विशिष्ट आतिथ्य एवं अग्रवाल समाज, अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता .कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश गर्ग ने बताया कि मंचासीन अतिथियों द्वारा अग्रसेनजी महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व बैच लगाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष .प्रशांत सिंहल बल्ले बजाज को मुख्य अतिथि हेमराज जिंदल व कार्यकारिणी सदस्यों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश गर्ग ने पद व गोपनीयता कि शपथ दिलवाई।अतिथियो ने अठोहा धाम की यात्रा करने का सुझाव दिया व युवा शक्ति को एक जुट होकर रचनात्मक व सामाजिक कार्य करने के लिए आव्हान किया। शपथ ठाहण समारोह में करौली जिले के सभी महिला संगठन,युवा संगठन व समाज के पदाधिकारियो ने भाग लिया। मंच संचालन अरविन्द अग्रवाल व योगेन्द्र सिंहल के द्वारा किया गया शपथ ठाहण समारोह के अध्यक्ष अग्रवाल समाज करौली अध्यक्ष वृजलाल गुप्ता व महामंत्री मुकेश गुप्ता ने युवा संगठन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश गर्ग को निर्विरोध व पारदर्शिता पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेश गुप्ता व निर्वाचन समिती सदस्य विक्की बजाज,जगदीश गुप्ता,मदनमोहन गुप्ता महेन्द्र सिंहल, विमल बंसल, अरविन्द अग्रवाल, योगेन्द्र सिंहल को सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिये आभार व्यक्त किया।

सर्वसमाज की प्रतिभाओं का सम्मान आज

करौली, (निसं)। 1 जनवरी बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह बरवासन देवी अमरबाड में आयोजित होगा जिसमे सर्वसमाज कि प्रतिभाओ को सम्मानित किया जायेगा। वरबासन अमरबाड में आज बुधवार को ठाम पंचायत अमरबाड आडा डूंगर, पटपड़ी, टपरा, टिपुआ, रेहड़ा, झारबाडी, दूधराई कि सर्व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह एवं नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह कर्मचारी एसोसिएशन एवं आमजन सर्व समाज ठाम पंचायत अमरबाड द्वारा आयोजित किया जायेगा जिसमे सर्व समाज कि ऐसी प्रतिभा जिन्होंने 2024में10वी,12वी राजकीय विद्यालय से 70 प्रतिशत, निजी विद्यालयो से 85 प्रति'ात से अधिक अंकों से उत्तीर्ण कि है, खेलकूद में राज्य, जिला स्तर पर सम्मानित होने वाले बच्चे, विशेष कोर्स जैसेआईआईटी, नीट में वर्ष 2023-2024 में चयनित होने वाले,वर्ष 2024 में राजकीय सेवा में चयनित होने वाले,नवोदय विद्यालय में चयन होने वाले, विद्वान जनों, शिक्षा, अभिभाषण,गायक कलाकार,जन जागृति, समाजसेवा करने वाले विशिष्ट जन सम्मानित किए जायेगे। गंगाराम प्रजापत ने बताया कि अपना रजिस्ट्रेशन मोबाईल नम्बर 8107120130, 8104452681, 9982179250 पर वाट्स एप कर करा सकते है शुक्रवार को आयोजन समिति के बद्री पटेल,कैलाश पटेल,धनराज मीना,बाबूलाल मीना,लालजी मीना,देवी प्रसाद मीना,सियाराम मीना,मुकेश मीना आदि ने बालोती पहुंच कर सपोटरा विधायक हंसराज मीना को मुख्य अतिथि के रूप में तथा करौली में विद्युत विभाग के एसई जौहरी लाल मीना,शिक्षा विभाग के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीना,जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवाड़ी,सीबीईओ सर्वेश कुमार गुप्ता,एसीबीईओ रजनी गोयल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। कार्यक्रम आयोजन समिति के साथ शिक्षक संघ अम्बेडकर के जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना, प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत, उप प्राचार्य घनश्याम मीना,कैलाश चंद मीना आदि उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने की अतिक्रमण हटाने की मांग

करौली, (निसं)। हिंडौन तहसील के पीपल हेड़ा गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर सार्वजनिक तलाई,शमशान,स्कूल एवं देवस्थान से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। पीपल हेड़ा के ग्रामीण रमेश, रतिराम, सुग्रीव सिंह, सुरेश, प्रकाश,भक्तमल, वीरेंद्र सिंह आदि लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि गांव में सार्वजनिक शमशान खसरा नंबर 926, तलाई 928,स्कूल 9281404 में देवस्थान भैरवजी का स्थान खसरा नंबर 815 पर कुछ गांव के दबंग लोगों ने कब्जा कर रखा है जिसकी पूर्व में ठामीणों ने ठाम पंचायत डहरा के सरपंच के लिए उप जिला कलेक्टर को 23 मई 2023 को शिकायत की गई जिस पर कार्यालय तहसीलदार हिंडौन सिटी ने कमेटी गठित कर उक्त भूमि का सीमा ज्ञान कराया कमेटी ने उक्त भूमि के गैर मुमकिन खसरा नंबरों का सीमा ज्ञान कर सरपंच एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक को अवगत कराया लेकिन उक्त भूमि पर ठाम पंचायत के सरपंच एवं पंचायत समिति प्रधान का निजी कब्जा होना पाया गया इसलिए सरपंच ने उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। इस पर ठामीणों ने उप जिला कलेक्टर हिंडौन को पुनः एक शिकायत पेश कि किंतु सरपंच का पुत्र वर्तमान में तहसीलदार पद पर कार्यरत है जो कि वर्तमान उप जिला कलेक्टर हिंडौन सिटी में सरपंच पुत्र तहसीलदार एक साथ नौकरी करते थे इसलिए सरपंच ने प्रशासन से कब्जा हटाने के लिए फोन पर मना कर दिया जिस पर 23 दिसंबर को आमजन पीपलहेड़ा ने बैठक कि और बैठक में सर्व समाज द्वारा यह फैसला लिया गया कि उक्त भूमि से प्रशासन द्वारा कब्जा हटाया जाए जिससे ठामीणों में सदैव भाईचारा बना रहे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ठाम पंचायत डहरा के गांव पीपलहेड़ा मे सार्वजनिक तलाई,शमशान एवं स्कूल और देवस्थान से शीघ्र अतिक्रमण हटाए जाए।

अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। इस दौरान पूर्व सरपंच कमला गोयल की अध्यक्षता में गोयल धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव व खीर पुआ की प्रसादी का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गुप्ता, ध्रुव गोयल, मुकेश कुमार ने बताया कि शिव परिवार की मूर्तियों के भोग लगाकर आमजन को प्रसादी का वितरण किया गया। कस्बे के सिंघावली रोड स्थित किरार धर्मशाला में नवीन दुबे, हेमंत गोयल की मौजूदगी में अन्नकूट बनाया गया। वही विनायक हॉस्पिटल पर व रेलवे स्टेशन के पीछे देवी के मंदिर पर भी अन्नकूट की प्रसादी बनाई गई। संयोजक ध्रुव गोयल ने बताया कि अन्नकूट कार्यक्रम में खीर, पुआ, पकोड़ा, कड़ी, चावल, बाजरे व मिक्स सब्जी की प्रसादी बनाई गई। वही कढ़ी में लोंग, डोढा, काली मिर्च, तेजपत्ता के साथ साथ आयुर्वेदिक दवाओं का मिश्रण किया गया। आयुष चिकिसक दिनेश शर्मा ने बताया कि सर्दियों में दीपावली के बाद अन्नकूट की प्रसादी खाने से काफी हद तक पेट सम्बन्धी बीमारियों से मुक्ति मिलती है। वही बाजरा व कढ़ी एक आयुर्वेदिक दवा का काम करती है।

कारण बताओ नोटिस जारी

करौली, (निसं)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अकबर खान ने बताया कि प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्रीय कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में किया गया। जिला कलेक्टर ने इस दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को सभी मदरसों का समय-समय पर निरीक्षण कर मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने, पोषाहार से वन्चित मदरसों में पोषाहार वितरण करवाने व आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप अल्पसंख्यक समुदाय के अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को व्यवसायिक एवं शिक्षा ऋण योजना का लाभ दिलवाने के निर्देश भी दिये। जिला कलक्टर ने बैठक में आयुक्त नगर परिषद के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारीयों को अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन कर अधिकतम लोगों को लाभांवित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उपखण्ड अधिकारी कौशल गर्ग, कोषाधिकारी भरतलाल मीना, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गलन से बढ़ी ठण्ड, अलाव व गर्म कपड़े भी नहीं दे रहे सर्दी से राहत

गंगापुर सिटी, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र में मावठ के बाद कडाके की सर्दी का सितम जारी है। 2 दिन पहले न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ था। मंगलवार को एक डिग्री और लुढककर न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पर आ गया। सुबह के समय हल्की धुंध और कोहरे का असर रहा। इसके कारण सुबह साढे 10 बजे तक यहां पर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए।

- **एक डिग्री लुढ़ककर 6 डिग्री पर आया न्यूनतम तापमान, कड़ाके की सर्दी का सितम जारा**

कोहरे के आगोश में लिपटा शहर।

गंगापुर सिटी में वेस्टर्न डिस्टरबेंस से मौसम में बदलाव देखा गया था। फिलहाल यहां मंगलवार को दूसरे दिन भी सुबह आसमान में बादल छाए रहे। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। 2 दिन पहले सोमवार और इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर स्थिर बना हुआ था। मंगलवार को एक डिग्री लुढककर 6 डिग्री पर आ गया। अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री पर रहा। इससे पहले सोमवार और रविवार को अधिकतम तापमान 2० डिग्री पर था। तापमान में गिरावट आने और सर्द हवाओं के चलने से कडाके की सर्दी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लोगों की दिनचर्या भी काफी प्रभावित हो रही है। बाजार भी देरी से खुल रहे हैं। वहीं लोग ऊनी कपडों में लिपटे नजर आए। बाजार में जगह-जगह चौराहे और गली मोहल्लों के नुक्कड पर लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। ठण्ड के प्रभाव से चाट पकौडी सहित गजक व मुंगफली की बिक्री में इजाफा हो गया। वहीं सर्दी की वजह से रात्री में जल्दी ही बाजार बंद होने लग गए।

खाटू की शोभायात्रा निकाली

भरतपुर (निस)। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, डॉ.विनोद पचौरी, नैमीचन्द पचौरी एवं समस्त पचौरी परिवार की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की तृतीय भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जो शास्त्री नगर, सूरजमल नगर, रूंधिया नगर, अठासेन नगर, रीको रोड, वसंत नगर कॉलोनी एवं एसटीसी हाउसिंग बोर्ड होते हुए श्याम नगर निज निवास पर पूर्ण हुई। शोभायात्रा में सर्वप्रथम सभी श्याम प्रेमियों द्वारा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की पूजन आरती की गई। श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के पूजन आरती में स्थानीय भरतपुर के गणमान्यजन वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा, पूर्व मेयर शिवसिंह भोंट, राजीव कुम्हेर, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, कांठोस के प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र शर्मा, प्रेमसिंह प्रजापति, ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष ताराचंद शर्मा,विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, सब इंस्पेक्टर नगेंद्र शर्मा, परशुराम सेना के नेत्रकमल मुद्गल, विप्र फाउंडेशन के इंदुशेखर शर्मा, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के अनिल भारद्वाज, व्यवसायी अनिल गुप्ता, पूर्व पार्षदपति दिनेश शर्मा, रमेश ठेकेदार, पंडित बनवारीलाल शर्मा, धर्मसिंह शर्मा, राजेंद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा एवं गणेश पाराशर सहित कई सैकड़ो की संख्या में श्याम प्रेमियों ने पूजन आरती की। इसके उपरांत विभिन्न सर्व समाजों से पधारे हुए विभिन्न प्रतिनिधियों में ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर, विप्र फाउंडेशन, भगवान परशुराम सेना, ब्राह्मण सभा, ब्राह्मण महासभा, सेवानिवृत राजस्थान रोडवेज कर्मचारी संघ, समता आंदोलन समिति, विभिन्न वार्डों के पार्षद गण एवं अन्य गणमान्य सदस्यों द्वारा कांठोस के शहर अध्यक्ष व यजमान डॉ दयाचंद पचौरी का दुपट्टा, माला व साफा द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। विशाल भव्य शोभायात्रा प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई सायं 4 आरके शिक्षण संस्थान पर पूरी हुई। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प बर्षा एवं आरती की गई। शोभायात्रा के उपरांत पुनः पूजन आरती कर सभी श्याम प्रेमियों को प्रसादी वितरित की।

श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की शोभायात्रा निकाली।

ऊनी वस्त्र वितरित किए

भरतपुर, (निसं)। सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप संस्था भरतपुर और पंजाब नेशनल बैंक प्रेरणा के संयुक्त तत्वावधान में हीरादास बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल पर वंचित तबके के लगभग 50 गरीब बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। बढ़ती सर्दी को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप संस्था भरतपुर द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वित्तीय सहयोग प्राप्त कर लगभग 50 गरीब बच्चों को ऊनी कपड़े वितरित किए बच्चों को मिठाई भी वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शुभि शर्मा अध्यक्ष पीएनबी प्रेरणा और विशिष्ट अतिथि बलबीर सिंह प्रबंधक सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप रहे। मुख्य अतिथि शुभी शर्मा ने सभी बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और नववर्ष के अवसर पर 100 गरीब बच्चों को 1 जनवरी को निशुल्क स्वादिष्ट भोजन भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। और सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप को उनके सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रम में हमेशा की भांति हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

कुणाल फौजदार का टीम में चयन

भरतपुर, (निसं)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जा रही अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के खिलाड़ी कुणाल फौजदार का चयन राजस्थान की टीम में हुआ है जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि राजस्थान अंडर-16 टीम नॉकआउट दौरे में प्रवेश कर गई है और नॉकआउट में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच बंगाल की टीम से अहमदाबाद में आयोजित होगा। कुणाल फौजदार लेफ्ट आर्म स्पिनर बॉलर और मिडल ऑर्डर बैट्समैन है। आरसीए द्वारा आयोजित की गई। अंडर-16 चौलेंजर ट्रॉफी और राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता को मिलकर 17 विकेट लिए थे।

'संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें'

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभागीय आयुक्त कार्यालय, से जनसुनवाई के प्राप्त प्रकरण एवं रात्रि चैपाल में प्राप्त प्रकरण, 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का समय सीमा में निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करे।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, कृषि विभाग के संयूक्त निदेशक को रवि की फसल को देखते हुए डीएपी सहित अन्य खाद्य एवं बीज की किसानों कि मांग के अनुसार प्रचुर मात्रा में उपलब्धता रखने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, कोषाधिकारी भरतलाल मीना, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

भंडारा प्रसादी व पूर्णाहुति के साथ यजुर्वेद पारायण महायज्ञ सम्पन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। मानव कल्याण हेतु वेद यज्ञ प्रचार समिति गंगापुर सिटी के द्वारा आयोजित पिछले कई दिनों से चल रहे यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का मंगलवार को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति और भंडारा प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम संयोजक महेश खंडेलवाल ने बताया कि यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने आदित्य खंडेलवाल, विक्रम खंडेलवाल, कुलदीप कुसाय वाले, अशोक सोनी, जीतू कटारिया, ओमप्रकाश अग्रवाल आदि यजमान दंपतियों से यज्ञ में आहुति दिलवाई। आचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि जीवन का सार वाणी है, वाणी का आधार मन है, वाणी मन पर टिकी हुई है जो लोग गालियां देते है उनका मन खराब है, मन को ठीक करो मन प्राण पर टिका हुआ है, प्राणायाम के द्वारा हम प्राण को ठीक कर सकते है, प्राण का आधार भोजन भी है जैसा खाओगे मन वैसा होगा, मन अन्न का आधार जल है और जल का आधार पृथ्वी है, पृथ्वी का आधार सूर्य है, सूर्य का आधार ये ब्रह्माड है और ब्रह्माड का आधार ब्रह्म मतलब परमात्मा है। परमात्मा ही इस श्रृष्टि का संचालक है। वह सच्चिदानंद स्वरूप निराकार दयालु अजन्मा, अनंत, निर्विकार, अनादि, अनुपम सर्वधार सर्वेश्वर सर्वांतर्यामी अजर, अमर अभय नित्य और पवित्र है और सृष्टि कर्ता है उसी परमात्मा की उपासना करने योग्य है। समिति अध्यक्ष ओमी कटारिया ने बताया कि देश के सुविख्यात भजनोपदेशक पंडित दिनेश पथिक ने हम सब मिलकर दाता आए तेरे दरबार भर दे झोली.., जिस दिन घमंड अपने सर से उतर देगा.., ऋषि ने जलाई है ज्योति में ज्योति जहां मैं सदा यू ही जलती रहेगी.., अब यहां सत्संग सजाया जाएगा ऋषियों का संदेश सुनाया जाएगा..,मानव बन कर क्यों करता है पशुओं सा व्यवहार मेरे आत्मा तू इन दुष्ट वृत्तियों को मार...आदि मनमोहक प्रभु भक्ति के भजनों की प्रस्तुति दी जिनको सुनकर श्रद्धालुओं में जोश और उत्साह का संचार हो उठा।

कार्यक्रम के अंत में समिति के कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा यज्ञ के ब्रह्मा व भजनोपदेशक का माला व दुपट्टा उडाकर व दक्षिणा भेंट करके सम्मान किया गया। इस दौरान विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादि प्राप्त की।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक महेश खंडेलवाल, पंडित मदन मोहन आर्य, कछीया लाल बजाज, अभिषेक बंसल, अनिल सोनी, ओम प्रकाश अग्रवाल आदि के अलावा सैकडों के संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



यजुर्वेद परायण महायज्ञ में आहूति देते यजमान एवं प्रवचन देते यज्ञ आचार्य।

सार-समाचार

निगरानी समिति का गठन

गंगापुर सिटी, (निसं)। एडीएम रामकिशोर मीणा ने गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित जिले के अंदर काम नहीं आने वाले खुले बोरवेल-ट्यूबवेल को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में एडीएम ने आदेश भी जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि हाल ही पडौसी जिले दौसा में 2 दुर्घटना हो चुकी है। दुर्घटना में जहां जनहानि होती है, वहीं सरकार पर भी काफी वित्तीय भार पडता है। खुले बोरवेल-ट्यूबवेल के कारण होने वाली घातक दुर्घटनाओं की रोक थाम को ध्यान में रखते हुए एडीएम मीणा द्वारा सभी उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, तहसीलदारों व अधीक्षण अभियंता पीएचईडी व आईजीएनपी को आदेश जारी करते हुए अभियान चलाकर खुले पडे बोरवेल/ट्यूबवेल को बंद करने और सुरक्षित पद्धती से ढकने व तारबंदी से ट्यूबवेल का क्षेत्र सुरक्षित करने के निर्देश दिए है। साथ ही जो खातेदार आदेशों के तहत जारी किए नोटिस के बाद भी खुले बोरवेलों को बंद नहीं करते है तो संबंधित के खिलाफ धारा 133 के तहत कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारी को विकास अधिकारी व तहसीलदार के साथ ग्राम स्तर पर ग्राम स्तरीय समिति का गठन करते हुए अभियान रूप में भौतिक निरीक्षण कर सभी खुले बोरवेल-ट्यूबवेल को बंद करके इस आशय का प्रमाण पत्र विकास अधिकारी के माध्यम से कार्यालय भिजवाने के निर्देश दिए है। जिला स्तर पर इस कार्य के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया हैं, जो इन प्रमाण पत्रों को विकास अधिकारियों से संकलित करेंगी। साथ ही भविष्य में भी नए खुदने वाले ट्यूबवेल-बोरवेल खुले नहीं रहे, इसकी मोनीटरिंग के लिए मासिक सूचना प्रत्येक माह की 1० तारीख तक संकलित की जाएगी। जिला कलेक्टर ने इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या बिलंब होने की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। खुले या परित्यक्त बोरवेल-ट्यूबवेल या कुओं से होने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की आवश्यकता को देखते हुए उपयुक्त एहतियात और सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए भूमि-परिसर के स्वामी को बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण शुरू करने से पहले कम से कम 15 दिन पहले लिखित में सूचना देनी होगी।

भागवत कथा का समापन

भरतपुर, (निसं)। कुम्हेर कस्बे में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन व्यास श्यामसुंदर महाराज ने श्रीकृष्ण और सुदामा की अद्भुत मित्रता की कथा सुनाई। इस कथा ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा में सुदामा के श्री कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और उनके जीवन के संघर्ष की मार्मिक झलक पेश की गई। कथा के समापन पर व्यास ने हम तो चले अपने घर भजन सुनाकर सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। इस भजन ने उपस्थित भक्तों को गहराई से छू लिया और पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। आयोजनकर्ता प्रताप सिंह महरावर और ओमवती महरावर का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। उनकी बदौलत पूरे क्षेत्र के भक्तों को इस दिव्य कथा का आनंद लेने का अवसर मिला। आयोजन के समापन पर व्यास और आयोजकों को श्रद्धालुओं ने पुष्पमाला और धन्यवाद अर्पित किया। यह भागवत कथा सभी के लिए आध्यात्मिक और भावनात्मक यात्रा साबित हुई। कृष्ण सुदामा की भव्य झांकी ने सभी का मन मोह लिया। रात्रि में माता का जागरण हुआ। बुधवार सुबह हवन व प्रसादी कार्यक्रम के पश्चात सायं 5 बजे से 7 बजे तक सुन्दर काण्ड का पाठ होगा। उसके पश्चात प्रताप सिंह महरावर की पुत्री रश्मि फ़ौजदार प्रधान पंचायत समिति कुम्हेर का ज़न्म दिवस मनाया जाबेगा।

आज से हेलमेट लगाना अनिवार्य

करौली, (निसं)। करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने नववर्ष के शुभारंभ पर एक अनूठी पहल करते हुए आज नववर्ष बुधवार से दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। जिसके चलते जिले भर सहित जिला मुख्यालय पर हेलमेट कि दुकाने सज गई है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय ने बताया कि हेलमेट लगाया जीवन बचाओ अभियान के तहत 15 से 31 दिसंबर तक जिले मे जगह जगह जन जागरूकता अभियान के माधयम से स्कूल,कॉलेजो,कोचिंग सेंटरो मे विद्यार्थियो को व रैली निकालकर पम्पलेट वितरण करते हुए आमजन को नववर्ष से हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि आज बुधवार से करौली जिले भर मे संबन्धित पुलिस थाने,पुलिस चैकियो व यातायात पुलिस के द्वारा बिना हेलमेट लगाये व यातायात नियमको कि पालना नही करने वालो लोगो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कि जायेगी। उन्होने बताया कि इस अभियान के तहत किसी प्रकार कि लापरवाही बर्दा'त नही कि जायेगी और मुझ स्वय को किसी थाना या चैकी क्षेत्र मे बिना हेलमेट लगाये कोई व्यक्ति मिला तो उस व्यक्ति के साथ साथ चैकी व थाना प्रभारी के विरू द्ध कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी उन्होने कहा कि आपका जीवन अनमोल हैं। आप दुनिया के लिए एक व्यक्ति है लेकिन अपने परिवार के लिए आप पूरी दुनिया है। पुलिस के चालान के भय से नही अपितु अपने एवं अपने परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए यातायात नियमों का पालन करते हुए यात्रा करें एवं स्वंय को सुरक्षित रखें। यातायात नियमों का उल्लघंन कानूनी अपराध है एवं जुर्माना व कारावास से दण्डनीय है। उन्होने बताया कि करौली जिले में वर्ष 2023 में सडक दुर्घटनाओं में 163 व्यक्तियों कि मृत्यु हुई जिनमें से 91.56 प्रति'ात व्यक्तियों कि मृत्यु बिना हेलमेट के कारण सिर में चोट लगने से हुई है। इसलिये दुपहिया वाहन चालक एवं सवारी दोनों गुणवत्ता वाला हेलमेट लगाए। दुपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी नहीं बिठाये,शराब पीकर एवं तेज गति से वाहन नहीं चलाऐं,सीट बैल्ट का इस्तेमाल करें। उन्होने बताया कि वाहनो के रिफलेक्टर टेप विशेष रूप से ट्रेक्टर ट्रॉली के पीछे लगाएं एवं ट्रेक्टर ट्रॉली चालक ट्रेक्टर धीरें चलाएं एवं तेज आवाज में गाने नही बजाएं, मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के अन्तर्गत सडक दुर्घटना में गम्भीर घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने पर राजस्थान सरकार कि तरफ से गुड सेमेरिटन भले आदमी को 10हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है।

पंडित दुर्गा लाल शर्मा का निधन

करौली, (निसं)। करौली के बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार, ख्याल गायक, नाटककार, होली गायक, लेखक और आयुर्वेद के ज्ञाता पंडित दुर्गा लाल शर्मा 92 का निधन हो गया। पंडित दुर्गा लाल शर्मा के निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई है।दुर्गा लाल शर्मा का अंतिम संस्कार मासलपुर गेट स्थित मोक्षधाम में किया गया। पंडित दुर्गा लाल शर्मा अपनी बेबाकी और खुद्दारी के लिए जाने जाते थे। वे प्रसिद्ध होली गायक और ख्याल गायक टुच्चु गुरु के टीम के आखिरी जीवित कलाकार थे। सांस्कृतिक आयोजनों में दुर्गा लाल कि महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। उनके निधन के बाद ज्येष्ठ पुत्र रमे'ा शर्मा ने अंतिम संस्कार कि रस्म अदा की।

प्रधानाचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन

भरतपुर, (निस)। विद्या भारती विद्यालय मे आयोजित प्रधानाचार्य दक्षता वर्ग मे मुख्य वक्ता जोधपुर प्रान्त संगठन मंत्री रविकुमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा पर विषय रखते हुए बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा सबसे पुरानी है परन्तु अंठोजों के आने के बाद भारत की ज्ञान परम्परा को किनारे कर दिया। अंठोजों ने भारत की संस्कृति से काटने हेतु यहां की संस्कृति यहां के ज्ञान को समाप्त करने हेतु शिक्षा पद्धित को बदला, आर्य बाहर से आए हैं। वेद ठांथ इत्यादि गडरियो के गीत है राम को काल्पनिक बताया ऐसी बहुत सारे सांस्कृतिक विरासत को तोड़ मरोड़कर अंठोजों ने प्रस्तुत किया। भारतीय ज्ञान परम्परा सर्वश्रेष्ठ है। ऋषि अगस्त्य द्वारा लिखे गए ठांथ अगस्त्य संहिता मे विद्युत निर्माण की प्रक्रिया मिलती है, भास्कराचार्य द्वारा गणितीय ज्ञान, महाभारत ठांथ मे ऋषि भारद्वाज व ऋषि भृगु का पौधो मे जीवन पर संवाद मिलता है। महर्षि पाराशर द्वारा लिखे गए ठांथ मे वृक्ष आयुर्वेद का ज्ञान मिलता है। भास्कराचार्य द्वारा विमान शास्त्र की जानकारी मिलती है चरक संहिता मे वनस्पति विज्ञान का वर्णन है, वराह मिहिर द्वारा नौकाओं का वर्णन, सुन्दरकाण्ड मे हनुमान के जीवन चर